टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए', मिनी रत्न पीएसयू)
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

Great Place To Work. Certified JUL 2023-JUL 2026 INDIA

जांगावतरणम्
JANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

सितंबर, 2025

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका गंगावतरणम् के सितम्बर 2025 अंक को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है।

यह माह हमारे संगठन के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियों, सामाजिक प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक रहा। इस अवधि में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने ऊर्जा उत्पादन, स्वच्छता और राजभाषा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कीं, जो संगठन की व्यापक दृष्टि और निरंतर प्रगति को दर्शाती हैं।

सितम्बर माह की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि रही खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई (660 मेगावाट) का वाणिज्यिक संचालन प्रारंभ होना, जिसे माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री द्वारा विधिवत रूप से संपन्न किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर ने टीएचडीसीआईएल के थर्मल ऊर्जा क्षेत्र में योगदान को नई दिशा प्रदान की। अब परियोजना की दोनों इकाइयाँ (2×660 मेगावाट) पूर्णतः परिचालन में हैं, जिससे कुल स्थापित क्षमता 1320 मेगावाट हो गई है। यह उपलब्धि संगठन की तकनीकी दक्षता, समर्पण और ऊर्जा सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

इसी माह, टीएचडीसीआईएल ने राष्ट्रव्यापी ''स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025'' में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभियान के अंतर्गत संगठन के सभी परियोजना स्थलों, कार्यालयों और कॉलोनियों में स्वच्छता, वृक्षारोपण और जनजागरूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सितम्बर माह का एक और गौरवपूर्ण आयोजन रहा हिंदी माह 2025 का सफल आयोजन। पूरे माह चली विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों ने हिंदी के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को व्यक्त किया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि टीएचडीसी परिवार अपनी सांस्कृतिक और भाषाई धरोहर के प्रति समान रूप से समर्पित है। इसके साथ ही मुझे यह भी साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति हरिद्वार की अध्यक्षता एवं सचिवालय के दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी दिवस एवं 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन (गांधीनगर, 15 सितंबर 2025) में 'प्रशंसनीय श्रेणी' में सम्मानित किया गया।

इन सभी घटनाओं और उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड केवल ऊर्जा का उत्पादक नहीं, बल्कि स्वच्छता, संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणास्रोत भी है। संगठन का प्रत्येक कदम "विश्वसनीयता, पारदर्शिता और राष्ट्र-सेवा" के मूल्यों से प्रेरित है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि गंगावतरणम् का यह अंक आपको संगठन की प्रगति, प्रेरक पहलों और उपलब्धियों से परिचित कराएगा और आपको उसी गर्व और प्रेरणा से भर देगा जो टीएचडीसी परिवार प्रतिदिन अनुभव करता है।

हमारा संपादक मंडल निरंतर प्रयासरत है कि यह पत्रिका न केवल जानकारी दे, बल्कि प्रेरणा और उत्साह भी जगाए।

"कार्य ही पूजा है- स्वच्छता और समर्पण से ही
विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।"

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
संपादक

मुख्य संरक्षक
श्री आर. के. विश्नोई
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संपादक
डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
मुख्य महाप्रबंधक
(मा. सं. एवं प्रशा. एवं जनसंपर्क)

उप संपादक
डॉ. काजल परमार
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

विशिष्ट सहयोग
श्री पंकज कुमार शर्मा
उप प्रबंधक (राजभाषा)

सहायक संपादक
श्री ईशान भूषण
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

समन्वयक

टिहरी
श्री मनबीर सिंह नेगी
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
श्री के. सूर्या मौली
सहायक प्रबंधक (मा.सं एवं प्रशा.)

खुर्जा
श्री प्रभात कुमार
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
श्री यतवीर सिंह चौहान, प्रबंधक (जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

ऋषिकेश
श्री अभिषेक तिवारी
जनसंपर्क अधिकारी

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की हिंदी दिवस के अवसर पर अपील

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड परिवार के सभी सदस्यों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं !

हिंदी हमारे देश की राष्ट्रीय एकता और अस्मिता का सबसे शक्तिशाली और प्रभावी माध्यम है। हिंदी ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोकर अनेकता में एकता की धारणा को बल दिया है। यह हमारे देश की सबसे बड़ी संपर्क भाषा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी की संपर्क भाषा के रूप में महति भूमिका को देखते हुए 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि हिंदी ही भारत की राजभाषा होगी। इसी महत्वपूर्ण निर्णय को प्रतिपादित करने तथा हिंदी का प्रत्येक क्षेत्र में प्रसार करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर सन् 1953 से संपूर्ण भारत में 14 सितंबर को प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण की दृष्टि से सबसे शुद्ध और विज्ञान सम्मत भाषा है। हर प्रांत के लोग हिंदी समझते हैं इसलिए हिंदी हमें भावनात्मक एकता से जोड़ती है । हिंदी के विकास में ही देश की उन्नति एवं विकास निहित है।

निगम में अपने व्यावसायिक उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को पूरा करने के साथ-साथ राजभाषा कार्यान्वयन में भी आशातीत वृद्धि हो रही है। माननीय संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति के द्वारा 07 मई, 2025 को नराकास, बुलंदशहर के अंतर्गत आने वाले 05 अन्य कार्यालयों के साथ टीएचडीसी के खुर्जा एसटीपीपी कार्यालय का संयुक्त राजभाषा निरीक्षण किया गया। उप समिति के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यगणों ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित क्रियाकलापों के साथ-साथ निगम की व्यावसायिक गतिविधियों में हो रही बढ़ोत्तरी की भी प्रशंसा की है। साथ ही उल्लेखनीय है कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय की राजभाषा पुरस्कार योजना के अंतर्गत 19 जून, 2025 को हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में माननीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्यमंत्री, श्री मनोहर लाल जी के कर-कमलों से वर्ष 2023-24 में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु “राजभाषा ज्योति’’ पुरस्कार (प्रथम) प्राप्त हुआ है।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार पूरे देश में हिंदी के उत्तरोत्तर विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इस अभियान में राजभाषा विभाग ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भी शामिल करते हुए निगम के कारपोरेट कार्यालय एवं टिहरी यूनिट कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा हुआ है। इन दायित्वों का निर्वहन निगम के द्वारा विगत लगभग 08 वर्षों से बखूबी किया जा रहा है। मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि नराकास, हरिद्वार की उल्लेखनीय गतिविधियों को देखते हुए राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नराकास प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इस समिति को प्रशंसनीय श्रेणी में पुरस्कृत किया गया, यह पुरस्कार 14-15 सितंबर, 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किए गए हिंदी दिवस एवं 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया है। यह निगम के लिए गौरव की बात है और इस सफलता के पीछे प्रत्येक कर्मचारी की निगम के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है।

हिंदी दिवस के शुभअवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम सब राष्ट्र हित में उत्साह एवं गर्व के साथ अपना अधिकाधिक सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करते हुए गंगा की अविरलता की भांति इसे प्रवाहमान बनाए रखेंगे। इन्हीं आंकाक्षाओं एवं अपेक्षाओं के साथ एक बार पुन: आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

(**आर. के. विश्नोई**)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

माननीय केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने खुर्जा एसटीपीपी की दूसरी इकाई की सीओडी पर की टीएचडीसी की सराहना

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 22 सितंबर, 2025 को खुर्जा, उत्तर प्रदेश में खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (2x660 मेगावाट) की दूसरी इकाई (660 मेगावाट) का वाणिज्यिक प्रचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारत सरकार के माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल उपस्थित थे, जिन्होंने वर्चुअल माध्यम से दूसरी इकाई के प्रचालन का आधिकारिक उद्घाटन किया। श्री ए. के. शर्मा, माननीय ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री नरेंद्र भूषण (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, उत्तर प्रदेश सरकार तथा अन्य अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विद्युत क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जो विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए, जिनमें श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, श्री श्रीकांत नागुलापल्ली (आईएएस), अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार; श्री पीयूष सिंह (आईएएस), अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार; श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल शामिल थे। खुर्जा परियोजना नियंत्रण कक्ष से, इस कार्यक्रम में टीएचडीसीआईएल के निदेशक (वित्त), श्री सिपन कुमार गर्ग और टीएचडीसीआईएल के कार्यपालक निदेशक (परियोजना) श्री कुमार शरद के साथ-साथ टीएचडीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना संघ के प्रतिनिधि, जिसमें एनटीपीसी, बीएचईएल, स्टीग, राइट्स, जीई वर्नोवा, एल एंड टी, एमर्सन और विद्युत क्षेत्र के अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे।

श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री, भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने पर टीएचडीसीआईएल और खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने विद्युत क्षेत्र के विकास को गति देने, ग्रिड स्थिरता को सुदृढ़ करने और उत्तर प्रदेश तथा राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने में केएसटीपीपी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। माननीय मंत्री ने इस बात पर भी बल दिया कि पारंपरिक रूप से एक जलविद्युत कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त टीएचडीसीआईएल ने इस तापीय परियोजना को रिकॉर्ड समय में पूरा करके एक नया मानदंड स्थापित किया है, जो पूरे उद्योग जगत के लिए एक प्रेरणा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री, माननीय श्री ए. के. शर्मा ने सीओडी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि केएसटीपीपी की दूसरी इकाई भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को विश्वसनीय और किफायती विद्युत से पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आगे ज़ोर देकर कहा कि यह परियोजना राज्य और क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति परिदृश्य को काफ़ी मज़बूत करेगी।

सीईए के अध्यक्ष, श्री घनश्याम प्रसाद ने इस उपलब्धि पर टीएचडीसीआईएल को बधाई दी और कहा कि केएसटीपीपी न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तरी भारत में विद्युत आपूर्ति को बढ़ाएगा, बल्कि आधुनिक, कुशल और सतत विद्युत अवसंरचना विकसित करने के लिए देश की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.के.विश्नोई ने इस अवसर पर विशिष्ट उपस्थिति के लिए माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्युत मंत्रालय और एनटीपीसी के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना की, जिनके निरंतर प्रोत्साहन ने खुर्जा एसटीपी परियोजना (2x 600 मेगावाट) के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

14 विशेष पैकेजों के माध्यम से निर्मित 1320 मेगावाट के इस संयंत्र ने अपनी पहली इकाई की सीओडी 26.01.2025 को और दूसरी इकाई की सीओडी 22.09.2025 को प्राप्त की, जिससे कोविड-19 और अन्य चुनौतियों के बावजूद इसे सुचारू रूप से पूरा किया गया। अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक, उच्च दक्षता वाले पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों और अमेलिया खदान से प्राप्त कैप्टिव कोल लिंकेज से सुसज्जित, इस परियोजना को सालाना 9,264 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन के लिए परिकल्पित किया गया है, जो भारत की विद्युत क्षमता और विश्वसनीयता में प्रभावी योगदान देगा।

टीएचडीसी को 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के दौरान उत्कृष्ट पहल के लिए सम्मानित किया गया

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को 16 से 31 मई 2025 तक मनाए गए 'स्वच्छता पखवाड़ा-2025' के दौरान उसकी अनुकरणीय पहल और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में, भारत सरकार के सचिव (विद्युत), श्री पंकज अग्रवाल (आईएएस) ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई को यह सम्मान प्रदान किया। यह कार्यक्रम विद्युत मंत्रालय द्वारा जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

यह सम्मान टीएचडीसी द्वारा अपनी सभी परियोजनाओं और इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रयासों और प्रभावशाली पहलों को उजागर करता है। इस कार्यक्रम के दौरान विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अपर सचिव श्री पीयूष सिंह (आईएएस), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव डॉ. डी साई बाबा, श्री बलवंत सिंह, प्रबंधक (सीएमडी, सचिवालय), टीएचडीसीआईएल के साथ-साथ विद्युत मंत्रालय और टीएचडीसीआईएल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के दौरान टीएचडीसीआईएल ने अपनी परियोजनाओं और इकाइयों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई नवीन और प्रभावशाली गतिविधियां शुरू की। संगठन ने टाउनशिप, परियोजना स्थलों और आस-पास के गाँवों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए, साथ ही प्लास्टिक-मुक्ति अभियान और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए। स्कूलों और स्थानीय समुदायों को नुक्कड़ नाटकों, चित्रकला प्रतियोगिताओं और स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोहों के माध्यम से सक्रिय रूप से शामिल किया गया, जिससे जन भागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा मिला। वृक्षारोपण अभियान ने हरियाली को और बढ़ावा दिया, जबकि रचनात्मक पहल "कचरे से खजाना" ने पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग पर जोर दिया, जिससे कचरे को मूल्यवान संसाधनों में बदला जा सके। इन प्रयासों को व्यापक सोशल मीडिया अभियानों द्वारा संपूरित किया गया, जिससे व्यापक पहुँच और दृश्यता सुनिश्चित हुई। सभी गतिविधियों को स्वच्छता समीक्षा पोर्टल पर मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार व्यवस्थित रूप से रिपोर्ट किया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

टीएचडीसीआईएल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत स्वच्छता शपथ ली

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किए गये राष्ट्रव्यापी "स्वच्छता ही सेवा" अभियान-2025 में सक्रिय रूप से प्रतिभाग की । इस वर्ष के अभियान, जिसकी विषय-वस्तु "स्वच्छोत्सव" है, का उद्देश्य स्वच्छ और हरित उत्सवों और शून्य-अपशिष्ट सामुदायिक समारोहों को बढ़ावा देना है।

टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने अभियान के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।

श्री विश्नोई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह अभियान हम सबको स्वच्छ भारत के लिए स्वैच्छिकता और सामूहिक कार्रवाई को सुदृढ़ बनाने का अवसर प्रदान करता है, साथ ही पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट सामुदायिक समारोहों के लिए नए मानक भी स्थापित करता है। श्री विश्नोई ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीएचडीसीआईएल अपनी परियोजनाओं और कार्यालयों के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान और नागरिक भागीदारी के लिए कर्मचारियों और हितधारकों को सक्रिय रूप से संगठित करना जारी रखेगा।

श्री सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त) ने ऋषिकेश स्थित कारपोरेट कार्यालय में कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री गर्ग ने स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया और सभी से अपने आसपास के लोगों को एक स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित और प्रेरित करने का आग्रह किया। श्री गर्ग ने कर्मचारियों से 25 सितंबर 2025 को मनाए जाने वाले राष्ट्रव्यापी 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान के हिस्से के रूप में एक घंटे की स्वैच्छिक स्वच्छता सेवा समर्पित करने का भी अनुरोध किया। टीएचडीसीआईएल की सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों में भी एक साथ स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित किए गए।

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. अमर नाथ त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन, कारपोरेट संचार), श्री ए. के. गोएल, मुख्य महाप्रबंधक (एमपीएस एवं कारपोरेट नियोजन), श्री ए. के. गर्ग, महाप्रबंधक (वित्त), श्री एम. के. राय. महाप्रबंधक (प्रापण), श्री हर्ष कुमार जिंदल, महाप्रबंधक (सामाजिक एवं पर्यावरण), श्री आर. के. वर्मा, महाप्रबंधक (वाणिज्यिक) तथा टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

THDC Showcases Record Growth and Future Vision at 37th Annual General Meeting

THDC India Limited celebrated a year of remarkable achievements and unveiled its ambitious future plans at the 37th Annual General Meeting ("AGM") held on 27th September, 2025 at New Delhi. The Company presented its 37th Annual Report for the financial year 2024-25, which highlighted a phase of outstanding success, sustained growth, and strategic advancements across multiple facets of its operations.

Addressing the shareholders, Shri R.K. Vishnoi, Chairman and Managing Director of THDCIL, shared that during the year under review, the Company demonstrated exceptional performance in energy generation. A cumulative generation of 6077 MU was achieved from all operational plants, reflecting a significant leap over the previous year's performance and reaffirming the Company's commitment to ensuring reliable and sustainable energy supply for the nation.

The financial year 2024-25 was a landmark year as THDCIL successfully commissioned the first unit of the Khurja Super Thermal Power Project on 26th January 2025, contributing 660 MW capacity and raising the Company's total installed capacity to 2247 MW. Further strengthening its fuel security, the Amelia Coal Mine attained COD on 18th February 2025, enabling dedicated coal availability for Khurja STPP. Notably, the Company surpassed its capital expenditure targets with an achievement of ₹5368.92 crore, representing 147.46% of the planned target, while also registering a substantial increase of 36% in gross sales and 23% growth in profit over the previous year. In regard to distribution of dividend, THDCIL declared final dividend of Rs.441.97 Cr. in its 37th AGM for the F.Y. 2024-25.

In addition to operational successes, THDCIL has initiated work on the 1200 MW Kalai-II Hydro Electric Project in Arunachal Pradesh, marking its determined efforts towards expanding its clean energy portfolio. Speaking of the ongoing projects, Shri Vishnoi informed that Unit-1 and Unit-2 of the 1000 MW Tehri Pumped Storage Plant commenced operations in June and July 2025, while the remaining two units are expected to be commissioned in FY 2025-26. The 2nd Unit of Khurja STPP (660 MW) has also commissioned on 26th September, 2025. Meanwhile, works on the Vishnugad Pipalkoti HEP are advancing rapidly, with completion expected in FY 2026-27. THDCIL is steadfastly advancing India's renewable energy ambitions through hydro and pumped storage projects, supported by landmark MoUs in Maharashtra and Chhattisgarh, along with initiatives in Arunachal Pradesh. The Company is also exploring opportunities in hybrid and floating solar, green hydrogen, and EV charging infrastructure, reinforcing its commitment to a cleaner and sustainable future.

Investor confidence in THDCIL remains strong. During the financial year 2024-25, Company had issued Corporate Bonds Series-X of Rs. 750.00 Crore with coupon interest rate of 7.76%, Corporate Bonds Series-XI of Rs. 600.00 Crore with coupon interest rate of 7.72% and Corporate Bonds Series-XII of Rs. 700.00 Crore with coupon interest rate of 7.73% Our corporate philosophy places a strong emphasis on environmental, social, and governance practices, actively contributing to the development of a sustainable and empowered society through impactful CSR initiatives.

CMD extended heartfelt gratitude to all our stakeholders, business partners, government agencies, and dedicated team of THDCIL for their invaluable support in making THDCIL a pioneering force in the power sector.

टीएचडीसी ने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के तहत राष्ट्रव्यापी पहलें शुरू कर स्वच्छ और समावेशी विकास को बढ़ावा दिया

सतत और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने राष्ट्रव्यापी “स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025” के तहत विभिन्न पहल शुरू की हैं। श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वच्छता और सततता निगम के आदर्शों के अभिन्न स्तंभ हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि टीएचडीसीआईएल, एक एकीकृत विद्युत उत्पादन इकाई होने के अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसका विकास समावेशी बना रहे और स्वच्छ भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप हो। निदेशक (वित्त), श्री सिपन कुमार गर्ग ने इससे पूर्व, 17 सितंबर 2025 को, कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में स्वच्छता शपथ दिलाई थी और कर्मचारियों से 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत स्वच्छता के लिए एक घंटे की स्वैच्छिक सेवा समर्पित करने का आग्रह किया था। इसी के अंतर्गत, टीएचडीसीआईएल के सभी कर्मचारियों ने आयोजित श्रमदान में सक्रिय रूप से भाग लिया, साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत कई अन्य पहलों में भी भाग लिया।

राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के एक भाग के रूप में, “एक दिन, एक घंटा, एक साथ” पहल का आयोजन एनसीआर कार्यालय परिसर, कौशाम्बी में श्रीमती रश्मिता झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (आईआरएस), टीएचडीसीआईएल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस पहल में एनसीआर कार्यालय के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम ने एकता की भावना को बढ़ावा दिया और स्वच्छता को एक साझा ज़िम्मेदारी के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर श्री नीरज वर्मा, कार्यपालक निदेशक (प्रभारी, एनसीआर), श्री एस.के.आर्य, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी और टीएचडीसीआईएल के एनसीआर कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसी अभियान के तहत, ऋषिकेश में, टीएचडीसीआईएल ने 24 सितंबर 2025 को नए बस स्टैंड के आसपास स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ऋषिकेश के माननीय महापौर श्री शंभू पासवान भी उपस्थित थे, जिन्होंने स्वच्छता को बढ़ावा देने और सतत विकास में योगदान देने के लिए टीएचडीसीआईएल के सक्रिय प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(मानव संसाधन), डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सामाजिक एवं पर्यावरण), श्री हर्ष कुमार जिंदल, श्री ए. के. कंसल, महाप्रबंधक (सर्विसेज), श्री आर. के. वर्मा, महाप्रबंधक (वाणिज्यिक) तथा कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। चिन्हित स्थान को टीएचडीसीआईएल द्वारा औपचारिक रूप से स्वच्छता लक्ष्य इकाई (सीटीयू) के रूप में अपनाया गया है, जिसका रखरखाव निगम द्वारा नियमित आधार पर किया जाएगा ताकि ऋषिकेश के नागरिकों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, टीएचडीसीआईएल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत अपनी परियोजनाओं एवं कार्यालयों में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसमें खुर्जा में स्कूली छात्रों द्वारा प्रभात फेरी, टिहरी में पोस्टर मेकिंग और बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रदर्शनी, वीपीएचईपी कार्यालय में स्वच्छता अभियान और वीपीएचईपी डिस्पेंसरी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं। ये पहल सामुदायिक सहभागिता, छात्र जागरूकता एवं सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने के प्रति टीएचडीसीआईएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

Unit-2 of Khurja Super Thermal Power Project Achieves Full Load Operation

Marking a major milestone towards its commissioning, Unit-2 of the (2×660 MW) Khurja Super Thermal Power Project successfully achieved full load operation on 18th September, 2025. With Unit-1 already in commercial operation since 26th January 2025, this achievement brings the project closer to full capacity realization.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD congratulated KSTPP team for this remarkable achievement and highlighted that with Unit #2 now operating at full load, KSTPP has demonstrated not only its technical prowess but also the dedication and coordinated efforts of its engineers, workforce, contractors, and all stakeholders associated with the project. Sh. Sipan Kumar Garg, Director (Finance) congratulated Team KSTPP and said that the successful full load operation of Unit-2 marks an important milestone for THDCIL. Sh. Kumar Sharad, ED (Project) congratulated the team and said that this milestone reflects their relentless hard work and professional expertise, ensuring timely achievement despite challenges. The key officials present on the occasion included Sh. Kumar Sharad, ED (Project); Sh. B.K. Sahoo, GM (O&M); Sh. R.M. Dubey, GM (Electrical); Sh. Sandeep Bhatnagar, GM (Finance); Sh. Shailesh Dhyani, OSD (Mechanical); and other senior officials from THDCIL, NTPC Consultancy, BHEL, LMB, STEAG, and GE.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. विश्नोई द्वारा किया गया न्यू टिहरी प्रेस क्लब रजत जयंती द्वार का लोकार्पण

श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, द्वारा टीएचडीसी के सहयोग से निर्मित न्यू टिहरी प्रेस क्लब रजत जयंती द्वार, टिहरी, उत्तराखंड का लोकार्पण किया गया। वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करते हुए इस अवसर पर श्री विश्नोई ने कहा कि टिहरी क्षेत्र के विकास में टीएचडीसी की भूमिका केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-कल्याण और सामाजिक सरोकारों तक विस्तृत है। टीएचडीसी सदैव जिले की आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग करती रही है और भविष्य में भी करती रहेगी। उन्होंने प्रेस क्लब की इस उपलब्धि पर सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी।

साथ ही जिलाधिकारी टिहरी, श्रीमती नितिका खंडेलवाल (आईएएस), पालिकाध्यक्ष श्री मोहन सिंह रावत एवं टीएचडीसी के कार्यपालक निदेशक (टीसी), श्री एल.पी. जोशी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी) ने कहा कि न्यू टिहरी प्रेस क्लब का यह द्वार केवल एक संरचना नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारे साझा प्रयासों का प्रतीक है। यह सहयोग विकास, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की मज़बूती की ओर एक कदम है।

THDC Achieves Major Milestone with Successful Synchronization of 3rd Unit of India's First Variable Speed PSP at Tehri

THDC India Limited successfully synchronized the 3rd Unit (250 MW) of India's first Variable Speed Pumped Storage Plant (PSP), the (4X250 MW) Tehri PSP, with the national grid on 13th September 2025. Conducted at 15:22 hrs, the synchronization process confirmed all unit parameters to be satisfactory. This accomplishment not only reflects THDCIL's engineering excellence but also marks a significant stride towards enhancing Renewable Energy integration, ensuring Grid Stability, and strengthening the Nation's clean energy infrastructure.

Sh. R.K. Vishnoi, Chairman & Managing Director, conveyed heartfelt congratulations to Team PSP for their commendable dedication and emphasized that this milestone marks a pivotal step towards the commissioning of remaining two units of the country's first Variable Speed Pumped Storage Plant (PSP) (4x250 MW). Once fully operational, the Tehri Hydro Power Complex, India's largest hydropower complex, will attain an installed capacity of 2,400 MW, comprising of already operational 1,000 MW Tehri HPP, 400 MW Koteshwar HEP and 1,000 MW from the country's first Variable Speed Pumped Storage Plant, which is now in the final stages of commissioning. Sh. Sipan Kumar Garg, Director (Finance), commended Team Tehri PSP for their dedication and commitment, noting that the successful synchronization of the 3rd unit reinforces THDCIL's expertise in executing advanced hydropower projects, including pumped storage systems. This achievement strengthens grid stability, enhances operational flexibility, and underscores the company's contribution to advancing a sustainable and resilient energy framework. Sh. L.P. Joshi, Executive Director (Tehri Complex), lauded the commitment of the PSP team, consortium partners (M/s GEPIL and M/s HCC), and other stakeholders. He highlighted the collaborative spirit that enabled this success and affirmed that focus will now shift to achieving the unit's commercial operation at the earliest. The event was graced by senior officials from THDCIL, M/s GE Vernova Hydro, and M/s HCC, whose collective contributions made this milestone possible.

खुर्जा कार्यालय में हिंदी कार्यशाला सम्पन्न

केएसटीपीपी-खुर्जा कार्यालय में 25.09.2025 को हिंदी कार्यशाला सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई । श्री संजीव नौटियाल, प्रबंधक, मानव संसाधन ने आमंत्रित मुख्य वक्ता श्री प्रेम सिंह,पूर्व संयुक्त निदेशक (राजभाषा विभाग) को प्लांट भेंट कर सम्मानित किया । कार्यशाला को दो सत्रों में संचालित किया गया । प्रथम सत्र में हिंदी में काम करने की प्रेरणा तथा द्वितीय सत्र में राजभाषा नीति की सम्पूर्ण जानकारी दी गई । उक्त कार्यशाला में रुचि लेते हुए 25 अधिकारियों/ कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और राजभाषा नीति विषयक की महत्वपूर्ण जानकारियों से स्वयं को लाभान्वित किया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार को भारत सरकार द्वारा प्रशंसनीय श्रेणी में किया गया सम्मानित

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा गांधी नगर, गुजरात में 14-15 सितंबर, 2025 को आयोजित हुए हिंदी दिवस एवं 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में 15 सितंबर, 2025 को प्रशंसनीय श्रेणी में सम्मानित किया गया।

श्री आर.के.विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार के सभी सदस्य संस्थानों को बधाई संप्रेषित करते हुए कहा कि नराकास हरिद्वार को यह सम्मान प्राप्त होना गौरव की बात है। उन्होंने इस पुरस्कार की पहल करने के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को धन्यवाद संप्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से नराकासों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वे राजभाषा हिंदी के प्रति और अधिक उत्साह एवं लगन से रूचि लेंगे, जिससे संस्थानों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बल मिलेगा।

यह सम्मान श्रीमती अंशुली आर्या, सचिव, आईएएस, राजभाषा विभाग के कर-कमलों से समिति के अध्यक्ष, डॉ अमर नाथ त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एवं समिति के सचिव, श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मंच पर डॉ मीनाक्षी जौली, संयुक्त सचिव (राजभाषा), डॉ अम्लान त्रिपाठी, मुख्य आयकर आयुक्त, मुंबई, श्री संतोष कुमार झा, सीएमडी, कोंकण रेलवे कारपोरेशन लि., डॉ देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, आईओबी एवं श्री के.पी.शर्मा, संयुक्त निदेशक, राजभाषा विभाग उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ अमर नाथ त्रिपाठी, अध्यक्ष नराकास ने सभी संस्थानों से अपील करते हुए कहा कि वे नराकास की बैठकों एवं कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता करें तथा नराकास हरिद्वार की प्रगति को शीर्ष तक ले जाने में अपना सहयोग देना जारी रखें। उन्होंने कहा कि यह सम्मान नराकास के सदस्य संस्थानों की निरंतर कर्तव्यनिष्ठा तथा समर्पण का ही प्रमाण है। नराकास हरिद्वार देश की सबसे बड़ी नराकासों में से एक है जिसके सदस्य संस्थानों की संख्या 69 है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश को इसके संचालन का दायित्व सौंपा हुआ है। जिसका निर्वहन टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड पिछले 08 वर्षों से सफलतापूर्वक कर रही है।

THDC Promotes Integrity and Accountability through Vigilance Awareness Campaign 2025

THDC India Limited has been proactively conducting a series of activities under the Vigilance Awareness Campaign 2025 across its projects, offices, and nearby educational institutions. In alignment with this year's national theme, "Vigilance: Our Shared Responsibility," THDCIL has undertaken an extensive outreach drive to promote integrity, transparency, and accountability among employees, stakeholders, and the younger generation.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD THDC India Limited, highlighting the significance of vigilance in strengthening THDCIL's commitment to sustainable development, stated that Integrity forms the foundation of THDCIL's Growth journey guided by transparency and accountability. At THDCIL, Vigilance is not just a compliance requirement but a collective responsibility that strengthens transparency and accountability across the organization and society. As part of these ongoing initiatives, an awareness lecture was organized 12th September, 2025 at Saraswati Shishu Mandir, Adarsh Nagar, Rishikesh. On this occasion, Sh. Satish Kumar Arya, Deputy Chief Vigilance Officer, THDCIL, interacted with the students and faculty members, sensitizing them on the significance of honesty, discipline, and ethical conduct in everyday life. He underscored that the youth, as the future custodians of the nation, have a pivotal role to play in upholding integrity and fostering a culture of transparency. Sh. G. S. Chauhan, Deputy General Manager (Vigilance), was also present on the occasion.

The program received an enthusiastic response, with students actively engaging in discussions and pledging to adopt integrity as a guiding principle in their personal and professional lives. Through such outreach programs, THDCIL reaffirms its unwavering commitment to building an ecosystem of integrity not only within the organization but also across society.

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में हिंदी माह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

श्री आर.के.विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में हिंदी माह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर हिंदी माह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत पुरस्कृत किए गए सभी विजेता कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनसे अपना अधिकाधिक सरकारी काम-काज हिंदी में करने का अनुरोध किया। इससे पूर्व श्री विश्नोई ने 14 सितंबर, 2025 को हिंदी दिवस के अवसर पर अपील जारी कर सभी कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसी दौरान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा नराकास हरिद्वार को प्रशंसनीय श्रेणी में पुरस्कृत करने पर नराकास हरिद्वार के परिक्षेत्र में आने वाले सभी संस्थानों के प्रमुखों एवं राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारियों को भी अपनी हार्दिक बधाई संप्रेषित की।

टीएचडीसी में सितंबर, 2025 हिंदी माह के रूप में मनाया गया। जिसका समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 29 सितंबर, 2025 को टीएचडीसी के रसमंजरी हॉल में किया गया। इस अवसर पर श्री एस.एस.पंवार, मुख्य महाप्रबंधक (ओएमएस, आईटी), श्री आर.आर.सेमवाल, मुख्य महाप्रबंधक (परि.-विद्युत), डॉ अमर नाथ त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), ने मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रमुख अतिथियों ने अपने कर-कमलों से हिंदी माह के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं एवं निगम में लागू विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

समारोह में श्री एस.एस.पंवार, मुख्य महाप्रबंधक (ओएमएस, आईटी) ने अपने संबोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि निगम अपने मूल उद्देश्यों के साथ-साथ अपने सभी संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर रहा है। राजभाषा के क्षेत्र में भी नित्य नई उपलब्धियां अर्जित हो रही हैं। निगम में राजभाषा में कार्य में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके लिए सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर जारी की गई अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अपील सभी कर्मचारियों को पढ़कर सुनाई।

श्री अमर नाथ त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपना समस्त सरकारी कामकाज हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने इस वर्ष हिंदी माह के दौरान आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों की प्रतिभागिता में वृद्धि की प्रशंसा की। इस समारोह में कारपोरेट कार्यालय के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे उप प्रबंधक (राजभाषा), श्री पंकज कुमार शर्मा ने हिंदी माह के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हिंदी माह के दौरान टीईएस हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए हिंदी दिवस विषय पर आयोजित की गई हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कुमारी सोनम गौड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता में श्री सुरेन्द्र नेगी, सहायक टंकक, हिंदी निबंध प्रतियोगिता में श्री आलोक रतूड़ी, अभियंता, सर्विसेज (विद्युत), नोटिंग ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता में श्री आनंद कुमार अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (कारपो. नियो.), अनुवाद प्रतियोगिता में श्री पी.सी.थपलियाल, उप महाप्रबंधक, स्मृति आधारित लेखन प्रतियोगिता में श्री ऋतेश शर्मा, उप प्रबंधक, हिंदी ई-मेल प्रतियोगिता में श्री आनंद कुमार अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (कारपो. नियो.), आशुभाषण प्रतियोगिता में श्री अभिषेक तिवारी, जन संपर्क अधिकारी, नराकास हरिद्वार के सदस्य संस्थानों के लिए आयोजित की गई राजभाषा ज्ञान एवं सामान्य हिंदी प्रतियोगिता में टीएचडीसी के श्री नीरज शर्मा, सहायक प्रबंधक (औद्यो. अभि.) प्रथम रहे। इनके साथ ही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने विभागाध्यक्षों की श्रेणी में श्री आर.आर.सेमवाल, मुख्य महाप्रबंधक (परि.-विद्युत), सर्वाधिक डिक्टेशन की श्रेणी में श्री अमलेन्दु त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (भूगर्भ एवं भूतकनीकी), मूल रूप से हिंदी में टिप्पणी लेखन में श्री शिव प्रसाद व्यास, सहायक प्रबंधक (मा.सं.) एवं श्री राजीव सिंह नेगी, प्रबंधक (सर्विसेज) प्रथम रहे। इस अवसर पर अपने-अपने विभागों में सर्वश्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चत करने वाले 10 हिंदी नोडल अधिकारियों को भी पुरस्कृत किया गया। निगम की राजभाषा पत्रिका ''पहल'' में प्रकाशित 05 सर्वश्रेष्ठ लेखों के लेखकों को भी इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया । परिकल्प-विद्युत विभाग को अंतर विभागीय चल राजभाषा ट्राफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर अपर महाप्रबंधक (मा.सं एवं प्रशा.) श्री एस.बी.प्रसाद ने मुख्य अतिथियों सहित सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

KSTPP Receives 500th Coal Rake, Marks Major Milestone in Its First Year

In a remarkable milestone, THDC India Limited's 1320 MW Khurja Super Thermal Power Project successfully received its 500th coal rake from its captive coal mine at Amelia, Madhya Pradesh, within its maiden year of operation at its railway siding yard at Khurja/UP.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDCIL, extended his congratulations on this achievement and remarked that this milestone represents a significant accomplishment in Coal Supply chain management, demonstrating the seamless coordination between Indian Railways and the Khurja Power Plant. Thermal power plants are coal-intensive, and regular rake movement ensures uninterrupted fuel supply, leading to higher Plant Load Factor (PLF) and better generation reliability. This achievement signifies the project's transition from the commissioning phase to stable and sustained operations with robust supporting infrastructure in place.

